अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में दिनांक 5 सितंबर 2022 को भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी के कुशल नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य व समस्त प्राध्यापकों का स्वागत कर अभिनंदन किया गया। माननीय प्राचार्य महोदय ने मां सरस्वती के समक्ष दीपशिखा प्रज्ज्वलित कर व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य महोदय ने सभी शिक्षकों शिक्षा दिवस पर शुभकामनाएं दी और बताया कि विश्वविख्यात दार्शनिक में भारत के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन मैनन के जन्मदिवस पर आप सबका अभिनंदन करता हूं और आशा करता हूं कि आप उन्हीं के पक्ष में पर चलते हुए एक आदर्श शिक्षक सिद्ध होगा। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तरह ही चिंतन नमन करके उनके गुणों को अपने में ढालना चाहिए।

उन्होंने आचार्य, गुरु और शिक्षक के महत्व को बताते हुए बेमिसाल अध्यापक है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाशमान बनने को प्रेरित किया। डॉ. सुवेश पाण्ड्य प्रचार्य अग्रवाल बी. एड. कॉलेज ने अपने व्यक्तव्य में महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्श जीवन को अपनाने व सही मार्ग पर चलकर दीपक की भांति निरंतर प्रकाश मान रहने की प्रेरणा दी द्य इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा कविता पाठ तथा भाषण के माध्यम से गुरु के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया गया। हिमिका व अंजू ने कविता प्रस्तुत कर गुरु के महत्व को बताया वहीं छात्रा सुजाता ने भाषण के माध्यम से गुरु की महिमा का वर्णन किया। डॉ. सारिका कंजलिया ने धन्यवाद किया। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रवक्तागणों की भागीदारी रहीं। मंच संचालन डॉ. सुप्रिया ढांडा ने किया।